प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/पी0पी0पी0 मोड/
निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप/अनु06/2025/ 156 **लखनऊःदिनांक**–17/4/2025

विषयः–सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–जून, 2025 के परीक्षाफार्म एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप/अनु06/2025/135 दिनांक 16–04–2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई–जून, 2025 के परीक्षाफार्म दिनांक 20–04–2025 तक भराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के कम में अवगत कराना है कि उक्त परीक्षा के परीक्षाफार्म एवं परीक्षाशुल्क जमा किये जाने की अंतिम तिथि 20–04–2025 निर्धारित है। अभी तक डिप्लोमा इंजीनियरिंग ब्रांच में अध्ययनरत् 40 हजार एवं डिप्लोमा फार्मेसी में अध्ययनरत् 16 हजार छात्र/छात्राओं द्वारा ही परीक्षा शुल्क जमा किया गया है।

उक्त के दृष्टिगत आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने स्तर से संस्था के अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को निर्देशित कर दें कि प्रत्येक दशा में दिनांक 20–04–2025 तक परीक्षाफार्म भरते हुए परीक्षाशुल्क का भुगतान करना सुनिश्चित करें। दिनांक 20–04–2025 की मध्यरात्रि पोर्टल बंद हो जायेगा। निर्धारित अंतिम तिथि 20–04–2025 के पश्चात् किसी भी स्थिति में पुनः पोर्टल नहीं खोला जायेगा। यदि कोई छात्र/छात्रा अंतिम तिथि 20–04–2025 तक परीक्षाफार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने से वंचित रह जाता है तो वह छात्र/छात्रा किसी भी परिस्थिति में परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगा एवं इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित संस्थान एवं छात्र का होगा।

इसी प्रकार छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन फार्म संस्था लॉगिन से परिषद को अग्रसारित किये जाने की अंतिम तिथि 22–04–2025 निर्धारित की गयी है। इस संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किये बिना जिन–जिन छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन फार्म संस्था लॉगिन पर उपलब्ध होते रहें उसे तत्काल परिषद को अग्रसारित करना सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में परीक्षा फार्म परिषद को अग्रसारित किये जाने की निर्धारित अंतिम तिथि 22–04–2025 का भी विस्तार नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप/अनु06/2025/ 157–58 **तददिनांक**–17/4/2025

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

E:\exam form and fee june 25.docx